PATNA UNIVERSITY

पटना विश्वविद्यालय

कार्यालय आदेश

गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार सरकार के ज्ञापांक-जी/आपदा-06-02/2020-3039 पटना दिनांक:08 जून 2021 एवं पटना विश्वविद्यालय के ज्ञाप संख्या-225(A)/R दिनांक:31/05/2021 के सन्दर्भ में पटना विश्वविद्यालय के सभी विभाग, महाविद्यालय, संस्थान, इत्यादि दिनांक: 09/06/2021 से 15/06/2021 तक निम्नांकित निर्देशों का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे -

1. सभी परीक्षाएं अगले आदेश तक स्थगित रहेगी ।
2. सभी विभाग, कॉलेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान दिनांक:15/06/2021 तक छात्रों के लिए बंद रहेगें । इस अवधि में ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रम पूर्ववत चलते रहेंगे एवं इनसे सम्बंधित कार्यालय खुलेंगे ।
3. सभी विभागों/महाविद्यालयों/संस्थानों/कार्यालयों में 50 प्रतिशत उपस्थिति होगी । संबंधित नियंत्रित पदाधिकारी ही सुनिश्चित करेंगे कि कौन शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थिति दर्ज करेंगे ।
4. शताब्दी द्वार के अलावे विश्वविद्यालय कैंपस के सभी द्वार अगले आदेश तक बंद रहेंगे।
5. आगंतुकों के प्रवेश पर आज दिनांक:9/06/2021 से दिनांक:15/06/2021 तक पाबन्दी रहेगी ।
6. आगंतुक को बहुत जरुरी हो तो शताब्दी द्वार पर रखे रजिस्टर में पूर्ण विवरणी दर्ज कराकर दूरभाष पर अनुमति लेने के पश्चात ही कार्यालय में प्रवेश करेंगे । प्रवेश की अनुमति कुलानुशाशक/संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण के द्वारा ही दी जाएगी ।
7. उपरोक्त प्रतिबंधों से आवश्यक सेवायें (Essential Services) जैसे सफाई, सुरक्षा, बिजली, पानी, चिकित्सा, इत्यादि इस प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे ।
8. प्रभारी, आउटसोर्सिंग को आदेश दिया जाता है कि वे कार्यालय को नियमित रूप से सेनेटाईज कराएं।
9. शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी अपना कार्यालय पहचान-पत्र साथ में अवश्य लायेंगे । बिना पहचान-पत्र के कार्यलय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।
10. कैंपस में प्रवेश से पूर्व शताब्दी द्वार पर शरीर तापमान (बुखार) मापक यंत्र से जॉच कराकर ही प्रवेश करें ।

08.06.21

11. सभी कार्यालय संध्या 4.00 बजे बंद होगें । विशेष परिस्थिति में संध्या 4.00 बजे के उपरांत कार्य करने के लिए कुलसचिव से आदेश लेना अनिवार्य है ।

12. संध्या 4 बजे से प्रातः 6 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में अगर कोई भी गतिविधि होती है तो उसकी पूर्व जानकारी कुलानुशासक, प०वि०वि० को देना अनिवार्य होगा । जरुरी न होने पर अनुमति नहीं दी सकती है । इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी द्वार बंद रहेंगे ।

कुलपति के आदेशानुसार,

08.06.21

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापसंख्या:229/R

दिनांक:08/06/2021

प्रतिलिपि :-(1) सभी संकायाध्यक्ष, प०वि०वि० (2) सभी स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष, प०वि०वि० (3) सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, प०वि०वि० (4) सभी संस्थानों के निदेशक, प०वि०वि० (5) विश्वविद्यालय यूनिट के सभी पदाधिकारीगण, प०वि०वि० (6) सभी प्रशाखा पदाधिकारी, प०वि०वि० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित ।

08.06.21

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय, पटना